हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 24 जनवरी 2024
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान

अधिकतम 21 डिग्री

न्यूनतम 12 डिग्री

4 भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना



## अभी धान बेचने के लिए काफी संख्या में बचे हैं किसान

# अव्यवस्था: समितियों में टोकन कटना बंद, बैरंग लौट रहे किसान



टोकन के लिए पहुंचे किसान।



धान भरते कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रदेश में 1 नवंबर से चल रही धान खरीदी अंतिम चरण में है, अब महज 6 दिन ही बाकी है, ऐसे में खरीदी केन्द्रों में धान की आवक बढ़ गई है।

जिले के ज्यादातर धान खरीदी केन्द्रों में कर्मचारियों ने अब टोकन काटना भी बंद कर दिया है। वजह है समिति केन्द्रों में निर्धारित लिमिट। दरअसल जिले के धान खरीदी केन्द्रों में दैनिक खरीदी के लिए लिमिट निर्धारित की गई है, ऐसे में समिति प्रबंधक चाह कर भी लिमिट से बाहर खरीदी नहीं कर सकते। खरीदी केन्द्रों में किसान टोकन के लिए अब चक्कर काट रहे हैं। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के धान खरीदी केन्द्रों में भी 31 जनवरी तक का टोकन जारी कर दिया गया है, बावजूद इसके अब भी सैकड़ों किसानों से धान खरीदी बाकी है। समिति प्रबंधक भी लिमिट के कारण टोकन ना काटने की मजबूरी बता रहे हैं। धान खरीदी केन्द्रों के समिति प्रबंधकों का कहना है कि धान खरीदी केन्द्र में निर्धारित की गई दैनिक लिमिट की खरीदी दोपहर 12 से 1 बजे तक पूरी हो जाती है। ऐसे में यदि टोकन जारी करने की लिमिट हटा दी जाए तो 31 जनवरी तक ही युद्ध स्तर पर खरीदी करके किसानों को सहूलियत दी जा सकेगी।

समिति केन्द्रों में अब भी ऐसे कई किसान धान बेचने आ रहे हैं, जिसे लाखों रुपए ऋण वसूली करना है। अगर खरीदी करने की तिथि को बढ़ा दिया जाता है तो भी या फिर यदि लिमिट हटा दिया जाए तो भी खरीदी पूरी हो जाएगी।

⏭ शेष पेज 4 पर

### जिले में अब तक इतनी हुई खरीदी

जिले में अब तक 1035739.2 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, इसके लिए किसानों को 2261018673.6 रुपए का भुगतान किया जा चुका है। 4572 57041.65 रुपए की ऋण वसूली भी की जा चुकी है। ज्यादातर समिति केन्द्रों में किसानों को जनवरी के आखिरी दिन तक का टोकन जारी कर दिया गया है। बावजूद इसके अब भी कई किसान ऐसे हैं जो टोकन के लिए समिति पहुंच रहे हैं।

### कांग्रेस ने धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग की



कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी।

जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने मंगलवार को कलेक्टर कोरिया विनय लंगेह से मुलाकात कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे हैं। इसमें खरीदी के लिए तिथि बढ़ाई जाने की मांग की है। तिथि नहीं बढ़ाए जाने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने आंदोलन की चेतावनी भी दी है। जिलाध्यक्ष श्री गुप्ता ने अपने जामपारा धान खरीदी केन्द्र में 19 जनवरी से ही किसानों को टोकन काटना बंद कर दिया गया है, इसके लिए समिति प्रबंधक अजय साहू ने बताया कि खरीदी लिमिट पूरा होने के कारण अब टोकन नहीं काट रहे। ऐसे में अब भी बड़ी मात्रा में किसानों से धान खरीदी करना बाकी है। जिले के धान खरीदी केन्द्रों में किसान अब भी टोकन के लिए चक्कर काट रहे हैं। हालांकि किसानों के साथ-साथ समिति प्रबंधक भी परेशान हो रहे हैं, जिन किसानों से अभी धान खरीदी करना बाकी है, इन किसानों ने केसीसी कार्ड से लाखों रुपए का लोन लिया हुआ है। ऐसे में इनका धान खरीदी करने के बाद ही ऋण वसूली की जा सकेगी। जिले में धान खरीदी के लिए तिथि बढ़ाने के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, महामंत्री बृजवासी तिवारी, विकास श्रीवास्तव, अमित पाण्डेय, हीरालाल साहू, वीरेन्द्र सोनी, आशीष अग्रहरि, विजय सिंह, धीरज सिंह सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## योगेश को मिला बेस्ट क्रिएटिव एवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

राष्टीय मतदाता दिवस के अवसर पर 25 जनवरी को राज्यस्तरीय पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है। इसमें कोरिया जिले में पदस्थ पटवारी योगेश गुप्ता को वर्ष 2023-24 के लिए बेस्ट क्रियेटिव वर्क का पुरस्कार दिया जाएगा।



■ राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित होंगे योगेश

कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की ओर से कलेक्टर को लिखे पत्रनुसार 25 जनवरी को रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कार प्राप्त करने के लिए योगेश को आमंत्रित किया गया है। योगेश को विधानसभा निर्वाचन 2023 और संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान मतदाता जागरूकता संबंधित क्रिएटिव तैयार करने के लिए विशेष रूप से दिया जा रहा है। यह तीसरा अवसर है जब निर्वाचन आयोग द्वारा योगेश को सम्मानित किया जा रहा है, इससे पहले वर्ष 2018 और 2020 में भी राज्य स्तर पर योगेश को सम्मानित किया जा चुका है। विदित हो कि निर्वाचन कार्यों में योगेश की विशिष्ट पहचान रही है न केवल छग बल्कि दिल्ली में भी निर्वाचन कार्यों के लिए उन्हें सम्मानित किया जा चुका है। कोरिया जिले पटवारी के पद पर पदस्थ योगेश अपने विभागीय दायित्वों के साथ-साथ क्रिएटिव वर्क के लिए जाने जाते हैं। 2023 के विधानसाभा चुनाव में योगेश द्वारा तैयार क्रिएटिव का निर्वाचन आयोग द्वारा बड़े स्तर पर उपयोग किया गया। दोनों चरणों के चुनाव में छग के सभी समाचार पत्रों में निर्वाचन आयोग की तरफ से जो विज्ञापन प्रकाशित किया गया उसकी डिजाइन भी योगेश के द्वारा ही तैयार की गई थी। समय-समय पर आयोग ने फेसबुक और ट्विटर पर भी योगेश द्वारा तैयार क्रिएटिव को पोस्ट किया। योगेश के क्रिएटिव पोस्ट सरल, सहज और आकर्षक होते हैं, अपनी पोस्ट में वो सटीक शब्दों का चयन करते हैं जो लोगों के लिए आकर्षक होती है। विधानसभा निर्वाचन में कोरिया के साथ-साथ एमसीबी जिले में भी उनके द्वारा तैयार निर्वाचन संबंधित पोस्टर्स, बैनर, होर्डिंग, बिल्ले और पंपलेट का उपयोग किया गया। शासकीय योजनाओं को प्रचारित प्रसारित करने वाली अनेको क्रिएटिव डिजाइन योगेश द्वारा तैयार की जा चुकी है।

### शासकीय भूमि पर कब्जा, कार्यवाही न होने से नाराजगी

**बिश्रामपुर।** शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण पर विभागीय अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही न किए जाने से ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत लटोरी के भंडारपारा में पिछले एक डेढ़ महीने से गांव के ही ललित राजवाड़े, हेमसाय राजवाड़े कुंद लाल व अन्य लोगों द्वारा स्कूल मैदान हेतु आरक्षित शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर लिया गया है। गांव के राजेश रजक, ठेलू, कैलाश ने मामले की शिकायत लटोरी तहसीलदार से की है।

## खबर संक्षेप

### वायु सेना में अग्निवीर के लिए आवेदन 6 तक

**बैकुण्ठपुर।** भारतीय वायु सेना द्वारा अविवाहित युवाओं एवं युवतियों को अग्निवीर पद पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जो 6 फरवरी को रात्रि 11:59 बजे तक खुली रहेगी, इसके लिए ऑनलाइन फार्म एवं विस्तृत जानकारी भारतीय वायुसेना के वेबसाईट पर आवेदन कर सकते हैं। अग्निवीर भारतीय वायु सेना भर्ती में सम्मिलित होने के लिए आवश्यक अर्हता के तहत आवेदक की जन्मतिथि 2 फरवरी से 2 जुलाई 2007 तक अर्थात दोनों तिथियों के मध्य होना आवश्यक है। आवेदक किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था अथवा बोर्ड से गणित, भौतिक एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक एवं अंग्रेजी विषय के 50 प्रतिशत अंकों के साथ अथवा राज्य के मान्यता प्राप्त बोर्ड से इंजीनियरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, कंप्यूटर साइंस, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी आदि विषयों के साथ 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए अथवा आवेदक केन्द्रीय या केन्द्रशासित अथवा राज्य के मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 द्विवर्षीय व्यावसायिक पाठ्यक्रम में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण आवेदक पंजीयन कर सकते हैं।

### कलेक्टर जनदर्शन में 13 आवेदन मिले

**एमसीबी।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने कलेक्टर कक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदन का अवलोकन किया एवं उनके त्वरित निदान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किए। कलेक्टर जनदर्शन में विभिन्न विभाग अंतर्गत भूमिस्वामी हक के खाते में नाम सुधारे जाने, निजी भूमि पर सड़क निर्माण का मुआवजा दिलाने, त्रुटि सुधार, जमीन विवाद जैसे आवेदन प्राप्त हुए। उन्होंने राजस्व हमला को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई कर निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार आवेदक बृजमोहन सिंह निवासी चनवारीडांड़ ने ग्राम सचिव पर 14-15 वें वित्त की राशि पर भ्रष्टाचार करने, हीरालाल, ईश्वरी, लक्ष्मनिया तथा समस्त घाघरा ग्राम वासियों ने शासकीय भूमि गौठान गुरूबचन पिता तेजस्वी सिंह के द्वारा अतिक्रमण हटाए जाने, सोनमती निवासी हस्तिनापुर ने पोस्ट मार्टम की अंतिम रिर्पोट दिलाने, विपिन कुमार सोनी एवं नारायण प्रसाद सोनी निवासी लालपुर पट्टे की भूमि पर सड़क बनाए जाने पर मुआवजा दिलाने, धीरोजा श्याम निवासी बिछली भूमिस्वामी हक के खाते में नाम सुधार जाने, तपेश्वर साहू निवासी लोहारी धान विक्रय की बोनस राशि प्रदान करने के आवेदन प्राप्त हुए। उन्होंने समस्त आवेदनों का अवलोकन कर यथाशीघ्र निराकरण करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

### राविसे प्राधिकरण द्वारा आवेदन 27 तक

**बैकुण्ठपुर।** छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा) बिलासपुर द्वारा जारी सहायक ग्रेड 3 कम्प्यूटर आपरेटर प्रोसेस राईटर के पद के लिए 8 सितंबर 2023 को विज्ञापन जारी किया गया था, जिसका अंतिम तिथि 9 अक्टूबर 2023 तक थी। सहायक ग्रेड 3 कम्प्यूटर आपरेटर प्रोसेस राईटर के पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के अंतर्गत मान्यता प्राप्त मंडल, संस्था अथवा छग शीघ्रलेखन मुद्रलेखन में 5000 की डिप्रेशन प्रति घंटा का प्रमाण पत्र संबंधी शैक्षणिक योग्यता को विलोपित कर संशोधित शुद्धि पत्रक का विज्ञापन जारी करते हुए पात्र अभ्यर्थियों से 27 जनवरी की शाम 5 बजे तक आवेदन मंगाए गए हैं। पूर्व में जो अभ्यर्थी उक्त पद के लिए आवेदन कर चुके हैं, उन्हें पुनः आवेदन प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए कोल श्रमिकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटना



एसईसीएल बैकुंठपुर एरिया के अंतर्गत संचालित झिलिमिली सहक्षेत्र के झिलिमिली कोयला खदान में 21 जनवरी को झिलमिली ए रिले के श्रमिकों द्वारा रिकार्ड 577 टन कोयला उत्पादन किया।

एलएचडी आपरेटर विरेन्द्र सिंह ने 14 फेस एवं राम सिंह ने 9 फेस कोयला उठा कर बेहतर कार्य किया, इसके लिए दोनों एलएचडी आपरेटरों सहित बेहतर कार्य कर अच्छा उत्पादन करने वाले श्रमिकों को खान प्रबंधक संजय सिंह, सेफ्टी आफिसर राहुल देव आरसे दोनों आपरेटरों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया और पुरस्कार चेक प्रदान किया गया। वहीं 21 जनवरी को तीनों शिफ्ट को मिलाकर 1566 टन कोयला उत्पादन श्रमिकों द्वारा किया ,इसमें श्रमिकों का कुशल मार्गदर्शन करने वाले खान प्रबंधक संजय सिंह, सेफ्टी आफिसर राहुल देव आरसे को एसईसीएल बिलासपुर डीटीओ एसएन कापरी एवं महाप्रबंधक बैकुंठपुर बीएन झा ने अच्छे उत्पादन के लिए बधाई दी।

### महाकालेश्वर मंदिर में शुरू हुई भागवत कथा

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर के ग्राम मसगा में संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन लक्ष्मीनारायण बैकुंठपुरी मंदिर ग्राम मसगा में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 29 जनवरी तक किया जाना है। वृंदावन धाम से आए कथा वाचक व्यास पूज्य अनादि महाराज और समस्त ग्रामवासी श्रद्धालुओं द्वारा कार्यक्रम रखा गया है। आज सुबह कलश यात्रा बाबा भोले नाथ नगरी शिवपुर से जल उठाकर नया बस स्टेंट, पुराना बस स्टेट होते हुए राजघराना चौक, कदमपारा चौक, शांतिनगर, चाचीडॉड़ टुकुडॉड़ मसगा मन्दिर लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंचे।

## खनन अभियान की श्रमिकों को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटना

■ हरित माईनिंग, मानवता के लिए चलाया गया अभियान



श्रमिकों को जानकारी देते अधिकारी।

एसईसीएल बैकुंठपुर एरिया के झिलिमिली सहक्षेत्र के झिलिमिली कोयला खदान में 22 जनवरी से 11 फरवरी तक हरित माईनिंग, मानवता के लिए खनन अभियान चलाया गया है।

इस संबंध में मंगलवार को खान प्रबंधक संजय सिंह, सेफ्टी आफिसर राहुल देव आर से द्वारा श्रमिकों को अभियान के संबंध में जानकारी दी गई। खान प्रबंधक श्री सिंह ने श्रमिकों से कहा कि 21 दिन के इस कार्यक्रम में पर्यावरण की रक्षा करते हुए कोल उत्पादन करना है, खदान के अंदर व बाहर अलग-अलग ग्रुप बनाकर एक -एक लक्ष्य बना कर 21 दिनों में लक्ष्य में बढ़ोत्तरी करना है और एक सुरक्षित कोयला उत्पादन करना है और खदान के बाहर भी हमें अपने पर्यावरण की रक्षा करना है।

इस अवसर पर झिलिमिली कोयला खदान में कार्य करने वाले श्रमिक काफी संख्या में उपस्थित रहे।

## अवैध धान के परिवहन और बिक्री पर सतत निगरानी करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर विनय कुमार लगेंह ने समय-सीमा की बैठक में उपस्थित विभागीय अधिकारी से विभिन्न मुद्दो पर विमर्श किया तथा लंबित प्रकरणों की जानकारी प्राप्त कर समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए, साथ ही गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की तैयारी की समीक्षा करते हुए समय पर सभी तैयारी पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने राजस्व अधिकारियों को स्वास्थ्य केन्द्रों, स्कूल तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरंतर निरीक्षण कर की गई कार्रवाई से अवगत कराने के निर्देश दिए। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की समीक्षा करते हुए विनय कुमार लंगेह ने विभागीय अधिकारियों से विभागीय योजनाओं पर आधारित झांकी प्रदर्शनी के लिए अच्छी तैयारी करने तथा इस अवसर पर अच्छे कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के लिए जानकारी शीघ्र उपलब्ध करने को कहा। इसी क्रम में उन्होंने समय-सीमा, पीएम पोर्टल और जनशिकायत पोर्टल में प्राप्त प्रकरणों को जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए तथा नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के जुड़े कार्यों पर गहन समीक्षा भी की। उन्होंने जिले में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र, सुपोषण अभियान और मध्य भोजन की व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत निमार्ण कार्यो की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्यों को गंभीरता से लेते हुए गुणवत्ता व समय-सीमा पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक धान खरीदी भी है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विदित हो कि धान खरीदी को बस 5 दिन शेष हैं। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र के नोडल अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे नियमित रूप से धान खरीदी केन्द्र पहुंचकर निरीक्षण करें और उसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को भी दे। किसानों को बारदाना नहीं मिलने या खरीदी केन्द्र में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो इस पर भी अमल करने और अवैध धान की बिक्री पर नियंत्रण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों से राइस मिलर्स के भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया भी जल्द पूरा करने को कहा। कलेक्टर श्री लंगेह ने 15 फरवरी तक सभी धान खरीदी केन्द्रों से जीरो साटेज के साथ शत-प्रतिशत धान का उठाव करने निर्देशित किया।

### झुमका जल महोत्सव की तैयारियां शुरू



कलेक्टर श्री लंगेह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को झुमका जल महोत्सव का आयोजन भव्य हो, इसके लिए तैयारियां जोरों से करने के निर्देश दिए। श्री लंगेह ने मंच सज्जा, बेरिकेड्स, मंच सज्जा, लाइट, एलईडी, पीने की पानी, सुलभ शौचालय, आमंत्रण कार्ड, प्रवेश पत्र, बैनर, पोस्टर व अति विशिष्ट लोगों की अगुवाई, रुकने, ठहरने, भोजन सहित अन्य व्यवस्था के लिए अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का निर्धारित समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### 48 वां अखिल भारतीय सेशन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट

## कश्मीर और पठानकोट के मध्य खेला जाएगा फाइनल मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

48 वां अखिल भारतीय सेशन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट खेला जा रहा है। चरचा कॉलरी के महाजन स्टेडियम में चल रहे टूर्नामेंट में 11 वें दिन मंगलवार को दूसरा सेमीफाइनल मैच 3:28 में दिल्ली एफसी वर्सेस पठानकोट पंजाब के मध्य खेले गए। मंच अतिथि सौम्य महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती पूनम झा, मनीषा मंजरी, जी वसुंधरा, संध्या रामावत, मनीषा गुप्ता, कमलजीत कौर, रेनू गुप्ता, विभा सिन्हा, अंजू लाल, उर्मिला मंडावी मौजूद रही।

दूसरा सेमीफाइनल मैच प्रारंभ के पूर्व दोनों खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर राष्ट्गान के साथ मैच प्रारंभ किया। मैच की शुरूआत से ही दोनों ही टीमों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया और एक-दूसरे पर हावी रहे। दोनों ही टीमों द्वारा बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए गोल मारने का प्रयास करते रहे। दिल्ली टीम प्रारंभ से ही पठानकोट टीम पर दबाव बनाते रहा। वहीं पठानकोट पंजाब को मैच प्रारंभ के 17 मिनट में पहला कार्नर मिला पर टीम गोल नहीं कर पाई। वहीं दिल्ली टीम को कई बार मौका मिला, फिर भी टीम गोल नहीं कर सकी। उधर पंजाब टीम को गोल करने एक सुनहरा अवसर मिला पर गोलकीपर ने गोल गरने नहीं दिया। दिल्ली टीम को लगातार दो बार कार्नर मिला गोल करने का मौका मिला,पर गोल करने से टीम चूक गया। सेमीफाइनल मैच इतना रोमांचक रहा कि दर्शकों में काफी उत्साह देखा गया। मध्यांतर तक दोनों ही टीम 0-0 की बराबरी पर रहा। मैच के मुख्य निर्णायक सांतन अग्रवाल, विशाल प्रजापति, भरत राजवाड़े, आशीष तिवारी, मैच कमिश्नर अनिल कचेर रहे। मध्यांतर के 15 मिनट बाद दोनों ही टीम मैदान पर उतरी। दोनों ही टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल करने का प्रयास किया। वहीं दिल्ली टीम शुरू से ही पंजाब पर दबाव बनाते रहा। मध्यांतर के बाद दिल्ली टीम को कई बार मौका मिला, पर टीम गोल करने से चुकती रही। दूसरे सेमीफाइनल मैच में महाजन स्टेडियम खचाखच भरा रहा। ऐसा लगता है कि सेमीफाइनल में इतना भीड़ था तो फाइनल मैच में दर्शकों के लिए जगह कम ना पड़ जाए। जैसे-जैसे समय बितता गया मैच रोमांचक होता चला गया। मैच देखते हुए दर्शकों ने आतिशबाजियों के साथ मैच का आनंद लिया। इसी के साथ दोनों ही टीमों ने 0-0 पर मैच समाप्त किया। मुख्य निर्णायक द्वारा पेनाल्टी शूटआउट के माध्यम से मैच कराया। पेनाल्टी शूटआउट में पहला शूटआउट करने का मौका कश्मीर टीम ⏭ शेष पेज 4 पर



टूर्नामेंट के दौरान मैच खेलते खिलाड़ी।

### गोल्ड कप फुटबाल स्पर्धा का फाइनल आज

चरचा कॉलरी में चल रहे 48 वां अखिल भारतीय शेषन स्मृति गोल्ड कप फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 24 जनवरी को महाजन स्टेडियम में दोपहर 2.30 बजे से खेला जाएगा। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक बैकुंठपुर भईयालाल राजवाड़े, अति विशिष्ट अतिथि कलेक्टर कोरिया विनय कुमार लंगेह, विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल होंगे, वहीं समापन खेल प्रतियोगिता की अध्यक्षता क्षेत्रीय महाप्रबंधक बैकुंठपुर क्षेत्र बीएन झा करेंगे। उल्लेखनीय है कि उक्त प्रतियोगिता 13 जनवरी से शुरू हुआ, जिसका फाइनल मुकाबला 24 जनवरी को खेला जाएगा।

### अलग अलग स्थानों से 78 बोरी अवैध धान जब्त

**बलरामपुर/रामानुजगंज।** जिले में दो अलग अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन की टीम द्वारा 78 बोरी अवैध धान जब्त किया है तथा धान परिवहन में लगे पिकअप को भी जब्त किया है। कलेक्टर आर एक्का ने निगरानी दलों, नोडल व राजस्व अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए है। इसी कड़ी में एसडीएम रामानुजगंज के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम द्वारा यूपी से आ रहे पिकअप वाहन में अवैध धान जब्त किया है। पिकअप में 30 बोरी धान रखकर अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था जिसे राजस्व विभाग की टीम ने जब्त कर सनावल थाना में सुपुर्द किया गया है। इसी प्रकार ग्राम चन्दननगर में सद्दाम के द्वारा सुनील लकड़ा के घर में अवैध रूप से 48 बोरी धान भण्डारित कर रखा गया था, जिस जब्त किया गया।

## खबर संक्षेप



### कर्मचारियों को भगवा शर्ट और गमच्छा मिला

**बैकुण्ठपुर।** अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सोमवार के दिन आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पटना एवं गिरजापुर में समिति प्रबंधक अनूप कुशवाहा के द्वारा समिति में कार्यरत कर्मचारी को भगवा शर्ट और गमच्छा का वितरण किया गया। समिति में पहुंचे किसानों को भी श्री कुशवाहा के द्वारा भगवा गमछा भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। समिति प्रबंधक श्री कुशवाहा ने बताया कि इस समारोह से उन्हें बेहद खुशी हुई है। यही खुशी वह लोगों के साथ बांट रहे हैं। कार्यक्रम में राजेश साहू, रेखा जायसवाल, गोविंद यादव, पवन तिवारी, मनोज यादव ,अखिल साहू, उमेश कुशवाहा सहित समिति स्टाफ एवं काफी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### श्रीराम सेना समिति ने सरपंच को किया सम्मानित



**पटना।** सरपंच गायत्री देवी सिंह के द्वारा पटना पंचायत में कराए जा रहे कार्यों के साथ-साथ उनके द्वारा धार्मिक कार्यक्रमों में विशेष सहयोग करने, युवाओं का मनोबल बढ़ाते हुए किए जाने वाले अच्छे कार्यों में बढ़-चढ़कर सहयोग करने एवं मुक्तिधाम में कराए जा रहे सौंदर्यीकरण के कार्य में विशेष सहयोग प्रदान करने के लिए श्रीराम सेना समिति के सदस्यों द्वारा पंचायत भवन पहुंचकर सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वालों में अंशु देवांगन, दीपक खत्री, सरपंच गायत्री देवी सिंह, आर्यन श्रीवास, विशाल यादव, आशीष सोनी, राकेश सिंह, सागर टुंडे, आयुष सोनी शामिल रहे।

### निधन

### केबी सिंह चंदेल

**मनेन्द्रगढ़।** नई लेदरी निवासी केबी सिंह चंदेल का अकास्मिक निधन 22 जनवरी को हो गया। स्व. चंदेल का अंतिम संस्कार 23 जनवरी को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। स्व. चंदेल को मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र महेन्द्र सिंह चंदेल ने दी। इस दौरान परिजन समेत काफी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे।

**यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**

**//उद्घोषणा//**

सर्व साधारण ग्राम जनकपुर की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष सिंह आ. श्री उदल सिंह जाति गोंड़ निवासी ग्राम जनकपुर तहसील बैकुण्ठपुर (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम जनकपुर प.ह.नं. 08 तहसील बैकुण्ठपुर स्थित भूमि ख.नं. 126/2 रकबा 0.1300 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में है। उक्त भूमि में से 0.040 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु भू-व्यपवर्तन बावत् आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा, बी-1 नक्शा सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 09/02/2024 को 11:00 बजे आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 23/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

**सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**

## अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक पल में सिरौली ग्रामवासी बने गवाही

# भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना



उत्सव पर बनाई गई रंगोली।



राम भजन की प्रस्तुति देते रामायण मंडली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

ग्राम सिरौली के हनुमान मंदिर में 22 जनवरी को संयुक्त कलेक्टर सीएस पैकरा, जिला पंचायत सीईओ अनिल अग्निहोत्री, तहसीलदार नीरजकांत तिवारी, जनपद पंचायत सीईओ रघुनाथ राम खाद्य अधिकारी संजय कुमार ठाकुर, मंडल संयोजक मनेन्द्रगढ़ संजय श्रीवास्तव, ग्राम सरपंच अमोल सिंह सहित स्थानीय श्रद्धालु काफी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर जिला स्तरीय मानस गायन उत्कृष्ट रामायण मंडलियों द्वारा भक्तिमय राम भजन की प्रस्तुति की गई। इसमें श्रोतागण राम भक्ति में झूमते नजर आए। साथ ही जिले केसभी विकासखंड़ों के प्रमुख मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां अयोध्या से हुए लाइव प्रसारण को देखा गया तथा स्थानीय रामायण मंडली द्वारा रामायण की भक्तिमय प्रस्तुति की गई। प्रशासन द्वारा प्रमुख मंदिरों में लाइव प्रसारण देखने के लिए आवश्यक व्यवस्था की गई थी। इसी तरह गांव के हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। मंदिर प्रांगणों में 22 जनवरी की सुबह से ही साफ-सफाई की गई, इसके अलावा मंदिरों में विशेष रंगोली चित्रित किया गया। मंदिरों में भोज भंडारा, विशेष पूजा -अर्चना की गई। इसी तरह शाम को दीपदान और दीप प्रज्जवलित कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## हनुमान मंदिर से श्रीराम की निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल



$ीराम की शोभायात्रा।

चिरमिरी शहर के बड़ा बाजार सेवा समिति के तत्वाधान में विशाल राम रैली का आयोजन हनुमान मंदिर प्रांगण से किया गया, जहां सुबह से ही रामभक्तों का तांता लगा रहा। इस दौरान हर कोई अपने हाथ में राम जी के चेहरे के छाया चित्र का झंडा लेकर जय श्री राम के नारे लगाते नजर आए। रैली की शुरुआत बड़ा बाजार के हनुमान मंदिर प्रांगण से होते हुए हल्दीबाड़ी के मुख्य मार्ग से शनिचरी बाजार, भैसा दफाई, टीना दफाई, सड़क दफाई से शहर के डोमनहिल, गोदरीपारा होते हुए पुनः बड़ा बाजार दुर्गा पंडाल के समीप समाप्त हुई। इस राममय माहौल में मनेन्द्रगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने अपने शब्दों में इस आयोजन को ऐतिहासिक दिवस बताया। उन्होंने उपस्थित जन मानस को संबोधित करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम का नाम मर्यादा पुरषोत्तम भी कहते हैं, जिन्होंने अपने जीवन काल में 14 वर्षो का वनवास काटा पर कभी एक भाई को दूसरे भाई से द्वेष रखे की भावनाओं को बढ़ावा नहीं दिया, वह हमेशा सच्चाई मार्ग को थामे रहे और बुराइयों से हम लोगों को बचने का रास्ता दिखाया।

## राममय हुआ गांव, दीपों से सजे घर-आंगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल



ग्राम पंचायत नगर, उमझर, बिशुनपुर सहित आस-पास के सभी ग्राम 22 जनवरी के दिन भक्ति मय वातावरण के साथ पूरी तरह राममय रहा। लोग सुबह से ही पूजा पाठ एवं विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों में लगे रहे। इस दौरान ग्राम नगर हनुमान मंदिर एवं बिशुनपुर के हनुमान मंदिर में भजन-कीर्तन एवं भंडारे सहित विशेष पूजा का कार्यक्रम रखा गया था, साथ ही संध्या आरती एवं मंदिर परिसर को दीपों से सजाया गया। पूरा दिन जय श्री राम के नारों से गूंजता रहा। शाम को आतिशबाजी देखने काफी संख्या में लोग एकत्र हुए। कार्यक्रम में हनुमान सेवा समिति संकट मोचन सेवा समिति सहित दुर्गा पूजा समिति एवं गणेश पूजा समिति के सदस्यों की सक्रियता विशेष रूप से बनी रही।



## जय श्री राम के नारों से गूंजी चरचा कॉलरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अयोध्या में श्रीराम लला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर चरचा क्षेत्र में सोमवार को गांव गली-मोहल्ले पूरी तरह भक्ति से गुलजार रहा। सुबह से ही चरचा के सभी मंदिरों में भगवान राम के भक्ति पूर्ण गाने

**खास बात**

- सुबह से ही भक्तजन खासकर महिलाओं की मंदिरों में लगी रही भारी भीड़

सजा दो घर को अपने अवध में राम आए हैं गानों के साथ चरचा के सभी प्रमुख चौक एवं धार्मिक स्थलों में धार्मिक माहौल बना रहा। क्षेत्र के प्रमुख राम मंदिर, हनुमान मंदिर, शिव मंदिर, जगरन्नाथ मंदिर में सुबह भक्तजन खासकर महिलाओं की भारी भीड़ मंदिरों में लगी रही। भगवान श्रीराम, मां जानकी एवं भ्राता लक्ष्मण के दर्शन में कतार में लगे रहे। श्रीरामलला मंदिर के गर्भ गृह में बैठे पुरोहितों द्वारा अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा के समय से विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। सुबह के समय विशेष पूजन के पश्चात स्थानीय रामायण मंडलियों के द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया, तत्पश्चात स्थानीय शिव भक्त महिला मंडलों के द्वारा भक्ति गानों के साथ भगवान राम के गुणगान किया गया। संध्या 5 बजे के बाद राम मंदिर एवं हनुमान मंदिर में 1100 दीप प्रज्जवलित किए गए। इसके बाद भगवान श्रीराम की आरती एवं हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। मंदिर कमेटी एवं स्वयंसेवकों के द्वारा सुबह से ही आने वाले भक्तजनों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। वहीं हनुमान मंदिर प्रांगण में अखंड मानस पाठ 24 घंटे का आयोजन किया गया। संध्या के समय विशेष आरती की गई। अखंड मानस पाठ समाप्त होने के पश्चात मंगलवार को हनुमान मंदिर प्रांगण में सर्व हिंदू समाज के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। चरचा के बद्री बाबा मंदिर में स्थानीय नवयुवकों के द्वारा विशेष पूजा-अर्चना की गई, साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सुभाष नगर स्थित कार्तिकेश्वर महादेव मंदिर में भी नव युवक संघ पूजा कमेटी के द्वारा विशेष पूजन के साथ विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई थी साथ आतिशबाजियों के साथ दीपावली पर्व मनाया। वहीं आफिसर कालोनी स्थित शिव मंदिर, पंडोपारा स्थित कृष्णा जानकी मंदिर, चरचा बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर एवं चरचा के मुख्य मार्ग न्यू मार्केट के पास स्थानीय नवयुवक संघ के युवकों के द्वारा भगवान राम के फोटो लगाकर धार्मिक गुणगान के साथ दीप जलाकर दिवाली मनाई। साथ ही सर्व हिन्दू संगठन द्वारा राजीव गांधी चौक स्थित सभी व्यापारियों को अक्षत एवं हनुमान चालीसा पाठ वितरण किया गया।

## श्रीराम की झांकियों से सजी भव्य रैली निकली



भक्ति गीतों पर उत्सव मनाते हुए झूमते श्रद्धालु।

कोरिया कालरी। ऐतिहासिक राम मंदिर के स्थापना दिवस के मौके पर कोरिया कॉलरी के सभी मंदिरो में कार्यक्रम का आयोजन किया गया और पूरे नगर के भीतर श्रीराम के झांकियों के साथ सजी भव्य रैली निकाली गई। इस अवसर पर बच्चे, बूढ़े, युवा समेत महिलाएं भी शामिल रही। रैली बाजार पारा से निकली, जो अंबेडकर चौक, मूर्तिपारा, 64 दफाई, सिनेमा हाल दफाई से गुजरती हुई मंदिर प्रांगण पहुंची। इस दौरान जय श्री राम के उद्घोष से पूरा नगर राम भक्ति में गूंज गया। शाम होते ही लोग अपने घरों में दीप प्रज्जवलित कर घर को रोशन किया और पटाखों की गूंज ने एक बार फिर से दीपावली की याद दिला दी। बेशक ऐसा महौल देख लोगों को इस दिन का बेशबरी से इंतजार रहा। गौरतलब है कि समिति दफाई के शंकर मंदिर में भोग भंडारा, रामायण कीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें शामिल होने कोरिया कालरी के सभी मोहल्ले से लोग पहुंचे रहे।

### भजन कीर्तन के साथ लगा विशाल भंडारा

**चिरमिरी।** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आजाद नगर स्थित श्री-श्री शीतला माता मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दिन पूजा-अर्चना के बाद यहां विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर रंजीत दुबे, सुमित प्रधान, निमाई पात्रों, जितेन्द्र, सुजीत ,अमित, भूपेन्द्र, आशी, देवाशीष सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।





## गांव-गांव से निकली भव्य शोभायात्रा

**पटना।** श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निर्मित पाण्ड़वपारा एवं आस-पास के गांवों में श्रीराम की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। पाण्डवपारा शिव मंदिर, हनुमान मंदिर में आरती, सुंदर पाठ, हनुमान चालिसा पाठ का आयोजन किया गया। इसमें 300 से भी अधिक श्रद्धालु ग्रामीण शामिल हुए। मंदिर परिसर में भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें सभी श्रद्धालुओं ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया व दिनभर मंदिरों में चले श्री हनुमान चालिसा पाठ, सुंदर पाठ व अन्य धार्मिक अनुष्ठान में शामिल रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से सिकंदर सिंह, अजय जायसवाल, राजकुमार सिंह, रंजीत मंड़ल, भरत, रमन जायसवाल, विशेषवर, विजय कुमार, बबीता, राजकुमारी, विनय राय, भरत लाल गुप्ता, डोरीलाल साहू, लरंग राम, कमलेश्वर सिंह बघेल, दुर्गेश शुक्ला, सरजू राम, अनंत राठौर, ध्रुवेश सिंह, रामानंद यादव, वाईएन सिंह, हरिश तिवारी सहित अन्य लोगों का योगदान रहा।

## स्वर्ण भूमि में निकली शोभायात्रा



**बिलासपुर।** अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को स्वर्णभूमि कॉलोनी में उल्लास के साथ मनाया गया। स्वर्णभूमि में दो दिनों से धार्मिक आयोजन हुए। यहाँ अखंड रामायण, शोभा यात्रा, शबरी की कुटिया के साथ, राधा कृष्ण की झांकी, शिव तांडव का भी आयोजन हुआ। रात्रि में भजन गायक प्रवेश शर्मा जीबीकानेर एवं अंजलि द्विवेदी बरेली ने रात्रि भजन संध्या का भव्य आयोजन किया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भक्ति रस का पान किया।

## पेज 1 का शेष

### अव्यवस्था : समितियों में टोकन ...

**धान खरीदी केन्द्र रतनपुर में 35 किसान शेष-** धान खरीदी केन्द्र रतनपुर के समिति प्रबंधक विजय साहू ने बताया कि धान खरीदी केन्द्र के लिए 753 क्विंटल दैनिक खरीदी की लिमिट निर्धारित की गई है। ऐसे में जनवरी के आखिरी दिन तक की लिमिट को देखते हुए टोकन काट दिया गया है। बावजूद इसके धान खरीदी केन्द्र में अब भी लगभग 35 किसानों का धान खरीदना बाकी है। इन किसानों से करीब 25 लाख रुपए का ऋण वसूली भी किया जाना है। ऐसे में किसानों को धान खरीदी केन्द्र से वापस लौटता देख हमें भी परेशानी होती है। **धान खरीदी केन्द्र बड़े कलुआ में 40 बचे-** धान खरीदी केन्द्र बड़े कलुआ के समिति प्रबंधक अमरनाथ साहू ने बताया कि खरीदी केन्द्र में 16 जनवरी को ही जनवरी के आखिरी दिन तक का टोकन पूरा हो गया है। 50 किसानों का टोकन काटने के बावजूद भी 40 किसानों से खरीदी करना बाकी है। लिमिट पूरा होने के कारण इन किसानों का टोकन काटना और इसे धान खरीदी करने में परेशानी हो रही है। बड़े कलुआ के लिए 1600 क्विंटल प्रतिदिन की टोकन लिमिट निर्धारित की गई थी।

### कश्मीर और पठानकोट ...

को दिया गया। इसमें टीम सफल साबित हुई। इस पूरे टूर्नामेंट में दो बार पेनाल्टी शूटआउट से मैच जीतने का मौका दिया गया। पेनाल्टी शूटआउट में दिल्ली टीम को पठानकोट टीम ने 6-5 से हराया। मैन ऑफ द मैच पठानकोट के गोलकीपर अमोज को सौम्य महिला मंडल के हाथों दिया गया। इस प्रतियोगिता के अध्यक्ष सहक्षेत्र प्रबंधक जितेन्द्र कुमार, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, संदीप कुमार, सचिव डॉ. अशोक बिराजी, सह सचिव एमएच खान, अशोक निर्मलकर, कोषाध्यक्ष मोहम्मद रियाज है। ग्राउंड देखरेख में विजय विश्वकर्मा, रोशन अब्दुल, सुनील बरला, प्रदीप डे, अब्दुल, मो.रफीक, मो. मुनाफ, पदमों, सीताराम, सुरक्षा प्रहरी दीपक साहू, मेडिकल से दिनेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। बुधवार को फाइनल मैच खेला जाएंगे। यह मैच 2:30 बजे डाउन टाउन हीरोज कश्मीर वर्सेस पठानकोट के मध्य खेला जाएगा।

## दीये जलाकर इरशाद ने भी पेश की मिसाल



**मनेन्द्रगढ़।** अयोध्या के भव्य राम मंदिर में सोमवार की दोपहर धूमधाम से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो गई। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरे देश में दिवाली मनाई जा रही है। क्या आम क्या खास, हर कोई इस अवसर को अपने-अपने तरीकों से मना रहा है। इस अवसर पर मनेन्द्रगढ़ के युवा समाजसेवी इरशाद अंसारी ने भी गंगा जमुना मिसाल पेश की है। उन्होंने मनेन्द्रगढ़ के खेड़यि तिराहे पर 201 दीये प्रज्जवलित कर अपनी खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर इरशाद अंसारी के साथ दिनेश द्विवेदी उपस्थित रहे।

TOP IN KORIA







